# सरकार ने मानी किसानों की मांग, मूंग-उड़द की होगी खरीद

## पंजीयन 19 जून से

**सिवनी/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की फसलों के सरकारी खदीदी के लिए किसानों का पंजीयन 19 जून से प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसके लिए संबंधित विभागों और एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने मूंग और उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया है। मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द का 7400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।



बता दें, प्रदेश कि किसान तथा विपक्ष के नेता लंबे समय से मूंग की खरीदी की मांग करते हुए सरकार पर दबाव डाल रहे थे।

प्रदेश के 36 जिलों में मूंग और 13 जिलों में उड़द की फसल की कटाई मई के तीसरे सप्ताह से जून के पहले सप्ताह तक होती है। अनुमानित रूप से मूंग का क्षेत्राच्छादन 14.35 लाख हेक्टेयर और उत्पादन 20.23 लाख मीट्रिक टन है, जबकि उड़द का क्षेत्र 0.95 लाख हेक्टेयर और उत्पादन 1.24 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। पंजीयन के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, भू—अधिकार ऋण पुस्तिका की छायाप्रति संलग्न करनी होगी। बटाईदारों को अनुबंध की प्रति देना अनिवार्य है।

सहकारी संस्थाएं उपार्जन की जिम्मेदारी संभालेंगी और किसानों को भुगतान की प्रिंटेड रसीद प्रदान की जाएगी। सरकार ने उपार्जन के लिए गुणवत्ता मानकों और प्रचार-प्रसार की कार्ययोजना भी तैयार की है, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिले और फसलें औने-पौने दामों में न बिकें।


# एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा 17 से

## बोर्ड ने जारी किया प्रवेश पत्र

**सिवनी/भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में बोर्ड की 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड ने प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। छात्र-छात्राएं ऑनलाइन माध्यम से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। MPBSE ने प्रवेश पत्र

वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। द्वितीय परीक्षा में केवल 65 प्रतिशत छात्रों ने ही आवेदन किया है। परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक सुबह 9 से 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

**3.31 लाख विद्यार्थियों ने किया आवेदन किया**-एमपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए 3.31 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है,जबकि दोनों कक्षाओं में 5.10 लाख विद्यार्थी फेल हुए हैं। यानी द्वितीय परीक्षा में 65 प्रतिशत विद्यार्थी ही शामिल होंगे।





बता दें कि इस साल पहली बार मप्र बोर्ड की पूरक परीक्षा के बदले द्वितीय परीक्षा आयोजित की जा रही है।

इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।10वीं की 17 जून से 26 जून तक एवं 12वीं की परीक्षा 17 जून से 05 जुलाई तक सुबह नौ से 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

प्रायोगिक परीक्षाएं विद्यार्थियों को आवंटित परीक्षा केंद्र पर 17 जून से 25 जून के बीच संचालित की जाएगी। इसकी तारीख संबंधित स्कूलों से विद्यार्थियों को मिलेगी

### परीक्षा कार्यक्रम और समय

- 10वीं कक्षा की परीक्षा 17 जून से 26 जून तक
- 12वीं कक्षा की परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक
- प्रायोगिक परीक्षाएं 17 जून से 26 जून के बीच
- परीक्षा समय: सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक

### इन विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

**इस विशेष परीक्षा में वे छात्र भी भाग ले सकेंगे जो**

- मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित रहे
- किसी विषय में अनुत्तीर्ण हो गए
- देर से पहुंचे और परीक्षा नहीं दे सके
- श्रेणी सुधार के इच्छुक हैं।

## सार-समाचार

### 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर रोक

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस?कृति जैन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) की दृष्टि से उन्हें संरक्षण देने हेतु राजा को सभी प्रकार के जल संशाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु घोषित करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णत निषिद्ध किया गया है साथ ही मत्स्य विक्रय या मत्स्य विनिमय अथवा मत्स्य परिवहन करना पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा।

### वक्फ संसोधन, मॉबलिचिंग के विरोध में सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**सौसर, देशबन्धु।** भारत में हो रहे मूलनिवासी मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार, माबलिंचिंग, वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ जाकर मुस्लिम के मदरसे, मस्जिद, दरगाह पर बुलडोजर कार्यवाही के विरोध में भारत मूक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क मोर्चा सामाजिक संगठनों के द्वारा शनिवार को तहसील सौंसर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। जिस में उपस्थित राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अली, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय घाटोड, भारत मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक सिराज शेख, बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क जिला संयोजक गोविंदा दुफारे, महादेव गोडबोले, पीके वाहने उपस्थित हुए।

### विश्व रक्तदान दिवस पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने किया रक्तदान

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** विश्व रक्तदान दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नार देव में रक्त दान शिविर का आयोजन किया बी एम ओ सोनम यादव सहित 14 लोगों ने रक्त दान किया। रक्त दान करने वाले रक्तदाता बी सी एम रूपराम इवनाती, अमित पावर,राकेश शंकर,मुकेश साहू, लोकेश माहोरे, आशिक खान, मुकेश भूमरकर, आशीष शुक्ला, संजय कुमार, विनोद राजवंशी, भागवत जावले,सविता बरखाने,अर्चना भंमरकर ने विश्व रक्त दान दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी अधिकारी, कर्मचारियो ने शपथ ली कि रक्तदान के लिए स्वयं भी रक्तदान कर अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे। रक्तदान टीम छिंदवाड़ा द्वारा रक्तदान लेने की प्रक्रिया संपन्न की।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट जुन्नारदेव का पुनर्गठन



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** गायत्री शक्ति पीठ जुन्नारदेव में शुक्रवार को उपजोन प्रभारी दनेश देशमुख शांतिकुंज प्रतिनिधि एवं जिला समन्वयक अशोक कावडे के मार्गदर्शन में एवं मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मुक्तेश्वर अग्रवाल, चंद्रकुमार सोनी, सुनील राय, अरुण बरहैया की उपस्थिति में गायत्री परिवार ट्रस्ट जुन्नारदेव का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ट्रस्टियों एवं प्रबंधकारिणी सदस्यों का चयन किया गया जो इस प्रकार है।

अभिषेक सोनी मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, नरेश धंडोरे सहायक प्रबंध ट्रस्टी, अरुण सोनी कोषाध्यक्ष, दुर्गेश बरमैया ट्रस्टी, शैल अग्रवाल बहन ट्रस्टी, मंजू सोनी बहन ट्रस्टी, अनिल राय ट्रस्टी के दायित्व हेतु चयन किया गया, साथ ही प्रबंध कारिणी समिति का भी पुनर्गठन किया गया, जो इस प्रकार है मनीष बरमैया संगठन समिति समन्वयक, अभिषेक सोनी मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, नरेश धंडोरे सहायक प्रबंध ट्रस्टी, अरुण सोनी कोषाध्यक्ष, दुर्गेश बरमैया ट्रस्टी, शैल अग्रवाल बहन ट्रस्टी, उर्मिला राय बहन देवालय प्रबंधन समिति समन्वयक, उर्मिला बघेल बहन देवालय प्रबंधन समिति सहायक समन्वयक, हिम्मत बघेल विधि एवं वित्त प्रबंधन समिति समन्वयक, दीपक बछलिया देवालय प्रबंधन समिति सहायक समन्वयक, सुनील राय संगठन समिति सहायक समन्वयक, प्रजापति आंदोलन समिति समन्वयक, विमला मोहबे बहन आंदोलन समिति सहायक समन्वयक उपर्युक्त सभी दायित्वों हेतु चयन सर्वसम्मति से निर्विवाद किया गया साथ की चारों प्रबंधकारिणी समिति . देवालय प्रबंधन समिति ।. विधि वित्त प्रबंधन समिति संगठन समिति आंदोलन समिति में पूरे विकास खंड से आए कार्यकर्ता भाइयों बहनों का चयन किया गया।

# भीमगढ़ शालाओं के प्रधान पाठकों की बैठक

**छपारा, देशबन्धु।** जन शिक्षा केंद्र भीमगढ़ अंतर्गत सभी शालाओं के प्रधान पाठक/ संस्था प्रमुख की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। कक्षा दो एवं तीन के 20वें, 30वें सप्ताह का आवधिक आकलन की समीक्षा की गई और निर्देश दिए गए कि शाला के शैक्षणिक स्तर को गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु सह शैक्षिक सामग्री, विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया जाए।

स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शाला संबंधित विभिन्न जानकारियां का आदान-प्रदान किया गया। सभी संस्था प्रमुख को शीघ्र शाला में दर्ज संख्या अनुसार विद्यार्थियों की मैपिंग शिक्षा पोर्टल 3.0 में करने हेतु निर्देशित किए गए।

इस बैठक सह प्रशिक्षण के दौरान सभी 26 शालाओं के संस्था प्रमुख के समक्ष कलेक्टर महोदय द्वारा चलाई जा रही मुहिम गिफ्ट ए डेस्क पर चर्चा की गई एवं सभी संस्था प्रमुख की सहमति एवं जनपद शिक्षा केंद्र छपारा से बीएसी आरके. तिवारी, संकुल सह समन्वयक शांत कुमार दुबे एवं भीमगढ़ के दोनों जन शिक्षकों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शिक्षक एक डेक्स बेंच की राशि गिफ्ट करेंगे जिसमें जन शिक्षा केंद्र के ही किसी शाला में गिफ्ट की जाएगी।

वह शाला कौन सी होगी इसके लिए सभी की सहमति से सभी शालाओं की चिट बनाकर डाली गई उनमें से तीन शालाओं को चयनित किया गया। इस बैठक में सभी शालाओं के संस्था प्रमुख उपस्थित रहे एवं सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी।



# 108 कुंडीय आत्मबोध महायज्ञ का संकल्प लिया

## स्वामी आत्मबोधानन्द का अर्धनारीश्वर मंदिर में आगमन

**मोहगांव हवेली/सौसर, देशबन्धु।** अध्यात्म और विज्ञान दोनों के संतुलन के पक्षधर दासानुदास आत्मबोधानन्द पीठाधीश्वर स्वामी आत्मबोधानन्द का अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में आगमन पर मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गोपाल वंजारी, स्वानंद गौशाला के संचालक जितेन्द्र भकने तथा मंदिर कमेटी के नितिन ढोबले, दिनेश बांगड़े आदि ने स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग के उच्च पदों रहें एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन में सलाहकार पद पर कार्य कर चुके डॉ. अनिल मिश्र स्वामी आत्मबोधानन्द ने सुप्रसिद्ध अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में 108 कुंडिय आत्मबोध महायज्ञ करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि, इस महायज्ञ में महामृत्युंजय मंत्र सहित 5 वैदिक मंत्रों की लगभग 4 लाख आहुतियां दी जाएगी तथा आयोजन 3 या 5 दिनों का होगा।



अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित डॉ. अनिल मिश्र उर्फ स्वामी आत्मबोधानन्द महाराज, चरित्र निर्माण से राष्ट्र उत्थान के उद्देश्य से विश्व कल्याण हेतु देश विदेश में कार्य कर रहें हैं। मंदिर दर्शन पूजन, संध्या आरती के पश्चात् महाराजश्री ने डॉ. गोपाल वंजारी इसके निवास वंजारी भवन पहुंचकर सदिच्छा भेंट दी एवं जलपान ग्रहण किया। ज्ञातव्य हो कि, स्वामी आत्मबोधानन्द ( डॉ. अनिल मिश्र) पहले उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एडिशनल डायरेक्टर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महाप्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तरप्रदेश तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन में सलाहकार के पद पर कार्य कर चुके हैं। उनके आत्मबोध पीठ आश्रम लखनऊ, कानपुर, सोनभद्र में हैं। आश्रम का अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय एजेक्स, ओंटारियो, कनाडा में हैं।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 15 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र- श्रवण।**

मेष - परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे- सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। आगामी यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृषभ - आज का दिन व्यापारी वर्ग के लिए अच्छा प्रतीत हो रहा है। वे नई योजनाएं बना सकेंगे। नए बिजनेस में भी उन्हें आर्थिक लाभ की संभावना है। विदेश में रहने वाले दोस्तों और रिश्तेदारों से समाचार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे।

मिथुन - नकारात्मक विचारों से आप आज दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज बिल्कुल ना करें। गुस्से की भावना को संयम में नहीं रखेंगे, वाद-विवाद बड़े झगड़ों का रूप ले सकता है। खर्च अधिक होगा। ( 133-159 )

कर्क - आज का संपूर्ण दिन आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजन से भरा हुआ रहेगा। मित्रों से रोचक भेंट होगी। आनंद-प्रमोद के साधन, वस्त्र इत्यादि की खरीद हो सकती है। प्रणय संबंधों में सफलता मिल सकती है।

सिंह - आपका आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाणी में संयम बरतें। दैनिक काम में विघ्न आ सकते हैं। काम समय पर पूरा कर पाने की स्थिति में रहेंगे।

कन्या - आज आपको किसी भी तरह के कलह और चर्चा से दूर रहना चाहिए। आकस्मिक धन खर्च की संभावना है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। प्रियजन के साथ हुई मुलाकात से मन आनंदित रहेगा।

तुला - आज के दिन आप मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। आज आप कुछ अधिक ही भावुक रहेंगे। मन में उठ रहे विचारों के कारण कुछ परेशान रह सकते हैं। माता तथा स्त्री के विषय में चिंता सताएगी।

वृश्चिक - नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन शुभ है। दिनभर मन की प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई-बंधुओं के साथ कोई आवश्यक चर्चा करेंगे। आर्थिक लाभ तथा भाग्यवृद्धि के योग हैं।

धनु - दुविधायुक्त मन:स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। काम पूरा होने में विलंब होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है।

मकर - आज का दिन ईश्वर के स्मरण में बीतेगा। धार्मिक काम में आप व्यस्त रहेंगे। नौकरी-व्यवसाय में भी अनुकूल परिस्थिति रहेगी। आज आपके हर काम सरलता से पूरे होंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

कुंभ - स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने रहें। मानसिक स्वास्थ्य में कमी रहेगी। कोर्ट-कचहरी की झंझट में न फंसें। अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश हो सकती है, इसलिए विशेषज्ञ की सलाह से काम करें।

मीन - आज आप पारिवारिक तथा सामाजिक बातों में व्यस्त रहने वाले हैं। मित्रों से मुलाकात होगी। उनके पीछे धन खर्च करना होगा। किसी खास जगह पर जाना हो सकता है। प्रत्येक काम में आपको लाभ होगा। ( 178-269 )

3,8,4,9-31,86,42,97,78,19,64,23

# प्रेस क्लब सिवनी ने प्राथमिक शाला बम्हनी को दीं दस डेस्क

## गिफ्ट अ डेस्क अभियान में सहभागिता कर पेश की मिसाल



**सिवनी, देशबन्धु।** जिला प्रशासन की गिफ्ट अ डेस्क पहल में जिले के प्रेस क्लब पदाधिकारियों द्वारा भी सहभागिता करते हुए प्राथमिक शाला बम्हनी में अध्ययनरत बच्चों के लिए 10 डेस्क बेंच दान दी गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर संस्कृति जैन ने प्रेस क्लब के सभी मीडिया साथियों का अभिवादन कर जिला प्रशासन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि जिले के मीडिया साथी लगातार सामाजिक सरोकारों के मुद्दे को शासन-प्रशासन के सामने लाकर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से समाज की सेवा करते हैं। प्रेस क्लब द्वारा आज स्कूली बच्चों के लिए डेस्क-बेंच भेंट करना निश्चित रूप से जिले के अन्य दानदाताओं और प्रदेश के अन्य प्रेस क्लब के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित ग्रामीणजनों को भी संबोधित कर कहा कि गांव का स्कूल हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वह बेहतर पढाई हो, गुणवत्तायुक्त भोजन मिले शिक्षक समय से उपस्थित हों और गांव का हर बच्चा स्कूल जाये। उन्होंने शिक्षकों से भी दुगनी मेहनत से बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करने की बात कही।

कलेक्टर ने प्रेस क्लब अध्यक्ष अयोध्या विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष राकेश नागपासे सहित उपस्थित अन्य सभी मीडिया साथियों को आभार पत्र का वितरण किया। प्रेस क्लब के प्रयासों से ग्राम के अन्य दानदाताओं ने भी स्कूल को डेस्क उपलब्ध कराने की सहमति दी गई। उल्लेखनीय है कि जिले के शासकीय प्राथमिक स्कूलों की सुविधाओं के उन्नयन के लिए जनभागिदारी से डेस्क बेंच उपलब्ध कराने की दिशा में गिफ्ट अ डेस्क पहल कलेक्टर के निर्देशन में चलाई जा रही है। इस कार्य में जिले के दानदाता सहभागिता कर रहे हैं।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

**सिवनी, देशबन्धु।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश,भोपाल एवं कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार तथा उपसंचालक डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी के मार्गदर्शन मे दिनांक 11 जून से 13 जून तक शहरी क्षेत्र स्थित विभिन्न टी-स्टॉल एवं स्ट्रीट फ़ूड वेंडर जिसके अंतर्गत शीतल पेय विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारियों की दुकान/स्टालों का निरिक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

खाद्य विभाग ने मनोहार अमृत तुल्य चाय पैक्ड,चाय बनाने में उपयोग में लाए जा रहे मिस्ड मिल्क, दिव्या अमृत तुल्य चाय प्रीमिक्स, इंजीनियर दी चाय बारपत्थर से बर्गर, चाहपाडी चाय प्रीमिक्स, यूज कुकिंग सोयाबीन ऑयल, फोर्टीफाइड ऑयल, का सेम्पल लेकर जाँच के लिए प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए एवं स्ट्रीट फ़ूड वेंडरों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करने सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई। अपने फ़ूड स्टालों मे साफ-सफाई स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए गए ताकि आमजनों को साफ एवं स्वछ खाद्य पदार्थ मुहिया हो सके साथ ही खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के जरूरी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।